राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–267/2024

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल (मनोनीत) श्री आरिफ मोहम्मद खान का राजभवन में स्वागत किया

पटना 30 दिसम्बर, 2024ः– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार के नवनियुक्त माननीय राज्यपाल (मनोनीत) श्री आरिफ मोहम्मद खान के राजभवन, पटना पहुँचने पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू एवं राजभवन के अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

इससे पूर्व नवनियुक्त राज्यपाल श्री खान के पटना हवाई अड्डा पहुँचने पर माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव तथा बिहार मंत्रिपरिषद् के विभिन्न सदस्यों ने उनका अभिवादन और स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, राज्यपाल के प्रधान सचिव एवं वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारीगण तथा अन्य लोगों ने भी उनका अभिवादन किया।

माननीय राज्यपाल (मनोनीत) को पटना हवाई अड्डा पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

....